# बच्चों से कभी मैया यूँ रहती दूर नहीं

बच्चों से कभी मैया,
यूँ रहती दूर नहीं,
हम तो मजबूर हैं माँ,
तुम तो मजबूर नहीं,
बच्चों से कभी मैया......

तेरे दरस को मेरी माँ,
मेरे नैन तरसते हैं,
रुकते नहीं पल भर भी,
दिन रात बरसते हैं,
तुमसे हम दूर रहे,
दिल को मंजूर नहीं,
हम तो मजबूर हैं माँ,
तुम तो मजबूर नहीं,
बच्चों से कभी मैया.....

लेनी है परीक्षा तो,
माँ और कोई ले ले,
गम तेरी जुदाई का,
हम कैसे बता झेले,
बच्चों को तड़पाना,
तेरा दस्तूर नहीं,
हम तो मजबूर हैं माँ,
तुम तो मजबूर नहीं,
बच्चों से कभी मैया......

आजा मेरी मैया,
नहीं और सहा जाये,
जीवन का भरोसा क्या,
कहीं देर ना हो जाए,
दिल टूट के सोनू का,
हो जाए चूर नहीं,
हम तो मजबूर है माँ,
तुम तो मजबूर नहीं,
बच्चों से कभी मैया....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29128/title/bachho-se-kabhi-mayia-yu-rehti-door-nahi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |